Signature of Invigilators

1. ...............................

2. ...............................

Roll No. | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

# HINDI

## Paper II

Roll No. ...............................

...............................

(In words)

# D/03/5

Name of the Areas/Section (if any) ...............................

Time Allowed : 75 Minutes] [Maximum Marks : 100

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of *fifty* **(50)** multiple choice type questions. *All* questions are compulsory.
3. Each item has upto four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). The answer should be a capital letter for the selected option. The answer letter should entirely be contained within the corresponding square.

   Correct method **[A]** Wrong Method [ A or [A]
4. Your responses to the items for this paper are to be indicated on the ICR Answer Sheet under paper II only
5. Read instructions given inside carefully.
6. One sheet is attached at the end of the booklet for rough work.
7. You should return the test booklet to the invigilator at the end of paper and should not carry any paper with you outside the examination hall.

**પરીક્ષાર્થીઓ માટેની સૂચનાઓ :**

૧. આ પાનાની ટોચમાં દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલ નંબર લખો.

૨. આ પ્રશ્નપત્રમાં કુલ **પચાસ (50)** બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા પ્રશ્નો આપેલા છે. **બધા જ** પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.

૩. પ્રત્યેક પ્રશ્ન વધુમાં વધુ ચાર બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવે છે. જે (A), (B), (C) અને (D) વડે દર્શાવવામાં આવ્યા છે. પ્રશ્નનો ઉત્તર કેપીટલ સંજ્ઞા વડે આપવાનો રહેશે. ઉત્તરની સંજ્ઞા આપેલ ખાનામાં બરાબર સમાઈ જાય તે રીતે લખવાની રહેશે.

ખરી રીત : **[A]** ખોટી રીત : [ A , [A

૪. આ પ્રશ્નપત્રના જવાબ આપેલ ICR Answer Sheetના Paper II વિભાગની નીચે આપેલ ખાનાંઓમાં આપવાના રહેશે.

૫. અંદર આપેલ સૂચનાઓ કાળજીપૂર્વક વાંચો.

૬. આ બુકલેટની પાછળ આપેલું પાનું રફ કામ માટે છે.

૭. પરીક્ષાસમય પૂરો થઈ ગયા પછી આ બુકલેટ જે તે નિરીક્ષકને સોંપી દેવી. કોઈ પણ કાગળ પરીક્ષાખંડની બહાર લઈ જવો નહી.

SEAL

# HINDI

# हिन्दी

## Paper—II

## प्रश्न-पत्र—II

**नोट :—** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. देवनागरी लिपि का उद्भव किस लिपि से माना जाता है ?
   (A) ब्राह्मी
   (B) कैथी
   (C) खरोष्ठी
   (D) मोड़ी

2. बुन्देली किस उपभाषा की बोली है ?
   (A) पूर्वी हिन्दी
   (B) पश्चिमी हिन्दी
   (C) राजस्थानी
   (D) बिहारी

3. 'यथाशक्ति' में कौनसा समास है ?
   (A) अव्ययीभाव
   (B) तत्पुरुष
   (C) कर्मधारय
   (D) द्विगु

4. 'वीसलदेव रासो' किसकी रचना है ?
   (A) चन्दबरदाई
   (B) नरपति नाल्ह
   (C) जगनिक
   (D) श्रीधर

5. संदेशरासक की कथा का संबंध किस क्षेत्र से है ?
   (A) मारवाड़
   (B) मालवा
   (C) निमाड़
   (D) गुजरात

6. जैन रामायण 'पउमचरिउ' के रचनाकार कौन हैं ?
   (A) स्वयंभू
   (B) पुष्पदंत
   (C) शालिभद्र सूरि
   (D) देवेन सूरि

7. 'देसिल बैना सब जग मिट्ठा' उक्ति किस भाषा के लिए कही गई है ?
   (A) अवधी
   (B) ब्रजभाषा
   (C) मैथिली
   (D) अवहट्ट

8. 'भक्तमाल' किसकी रचना है ?
   (A) कुंभनदास
   (B) वल्लभाचार्य
   (C) तुलसीदास
   (D) नाभादास

9. गऊघाट स्थान का नाम किस कवि के साथ संबंधित है ?

(A) केशवदास (B) तुलसीदास

(C) सूरदास (D) बिहारी

10. "कलि कुटिल जीव-विस्तार हित, बालमीकि तुलसी भयो" किसकी उक्ति है ?

(A) वेणीमाधवदास (B) प्रियदास

(C) नाभादास (D) केशवदास

11. 'मृगावती' किस कवि की रचना है ?

(A) कुतुबन (B) उसमान

(C) मंझन (D) जायसी

12. रामभक्ति में रसिकोपासना के प्रवर्तक कौन हैं ?

(A) वेणीमाधवदास (B) रामचरणदास

(C) नागरीदास (D) सुंदरदास

13. रामचंद्र शुक्ल के अनुसार निर्गुण मार्ग के प्रवर्तक कौन हैं ?

(A) नामदेव (B) गोरखनाथ

(C) रामानन्द (D) कबीरदास

14. तुलसीदास की अंतिम रचना कौनसी है ?

(A) हनुमानबाहुक (B) विनयपत्रिका

(C) कवितावली (D) जानकीमंगल

15. इनमें से रीतिसिद्ध धारा के कवि कौन हैं ?

(A) देव (B) बिहारी

(C) बोधा (D) घनानंद

16. 'जहाँगीर जसचंद्रिका' किसकी रचना है ?

(A) मतिराम (B) केशव

(C) पद्माकर (D) रसलीन

17. रीतिकाल में ऋतुवर्णन के लिए कौन प्रसिद्ध है ?

(A) पद्माकर (B) बिहारी

(C) द्विजदेव (D) सेनापति

18. रीतिकाल के किस कवि ने लक्षण ग्रंथ की रचना **नहीं** की ?

(A) देव (B) भूषण

(C) बिहारी (D) मतिराम

19. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने प्रेम-मार्ग का धीर गंभीर पथिक किसे कहा है ?

(A) केसव (B) बिहारी

(C) घनानंद (D) पद्‌माकर

20. "अमिय हलाहल मद भरे, स्वेत, स्याम रतनार,
जियत, मरत झुकि-झुकि परत जेहि चितवत एक बार ।"
किसकी रचना है ?

(A) रसलीन (B) मतिराम

(C) बिहारी (D) द्विजदेव

21. 'प्रेमसागर' किसकी रचना है ?

(A) सदल मिश्र (B) लल्लूजी लाल

(C) इंशाअल्ला खाँ (D) रामप्रसाद निरंजनी

22. 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' की स्थापना किस नगर में हुई ?

(A) प्रयाग (B) पटना

(C) काशी (D) दिल्ली

23. 'शिवशंभु का चिट्ठा' के रचयिता कौन हैं ?

(A) प्रतापनारायण मिश्र (B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(C) बालमुकुंद गुप्त (D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'

24. 'कछुआ धर्म' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(A) सरदार पूर्णसिंह (B) ज्वालादत्त शर्मा

(C) यशोदानंदन अखौरी (D) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

25. 'कस्तूरी कुंडल बसै ?' किसकी आत्मकथा है ?

(A) मन्नू भंडारी (B) चित्रा मुद्‌गल

(C) मैत्रेयी पुष्पा (D) मृणाल पांडे

26. हिंदी में आचार्य शुक्ल ने अंग्रेजी ढंग का पहला मौलिक उपन्यास किसे माना है ?

(A) भाग्यवती (B) देवरानी-जिठानी

(C) नूतन ब्रह्मचारी (D) परीक्षा गुरु

27. 'उर्वशी' चंपू का रचनाकार कौन है ?

(A) जयशंकर प्रसाद (B) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(C) जानकीवल्लभ शास्त्री (D) केदारनाथ मिश्र 'प्रभात'

28. 'उसने कहा था' और 'बुद्धू का काँटा' के अलावा चंद्रधर शर्मा गुलेरी की तीसरी कहानी कौनसी है ?

(A) प्रायश्चित
(B) सुखमय जीवन
(C) कानों में कँगना
(D) दुलाईवाली

29. हिंदी में समस्या नाटकों की रचना के लिए कौन प्रसिद्ध है ?

(A) उदयशंकर भट्ट
(B) हरिकृष्ण प्रेमी
(C) लक्ष्मीनारायण लाल
(D) लक्ष्मीनारायण मिश्र

30. फैंटेसी को अनुभव की आत्मजा किसने कहा है ?

(A) विजयदेव नारायण साही
(B) अज्ञेय
(C) मुक्तिबोध
(D) कुँवर नारायण

31. 'कामायनी' में कुल कितने सर्ग हैं ?

(A) 15
(B) 14
(C) 13
(D) 12

32. सादगी, असलियत और जोश को कविता का मुख्य लक्षण किस आधुनिक आलोचक ने माना है ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी
(C) आचार्य नंददुलारे बाजपेई
(D) आचार्य नलिनविलोचन शर्मा

33. वस्तुनिष्ठ समीकरण का सिद्धांत किस आलोचक का है ?

(A) आई. ए. रिचर्ड्स
(B) एफ. आर. लीविस
(C) मैथ्यु अर्नाल्ड
(D) टी. एस. इलियट

34. 'कबीर के आलोचक' पुस्तक किसकी रचना है ?

(A) धर्मवीर भारती
(B) रामपूजन तिवारी
(C) डॉ. धर्मवीर
(D) पीतांबर दत्त बड़थ्वाल

35. 'छायावाद का पतन' किस आलोचक की रचना है ?

(A) डॉ. देवराज
(B) देवराज उपाध्याय
(C) लक्ष्मीनारायण 'सुधांशु'
(D) रामविलास शर्मा

36. कालक्रम के अनुसार रचनाकारों का संगत क्रम बताइए :

(A) सरहपा, सोमप्रभु सूरि, गोरखनाथ, कबीरदास
(B) सोमप्रभु सूरि, सरहपा, गोरखनाथ, कबीरदास
(C) गोरखनाथ, कबीरदास, सरहपा, सोमप्रभु सूरि
(D) कबीरदास, सोमप्रभु सूरि, गोरखनाथ, सरहपा

37. कालक्रम की दृष्टि से रचनाओं का संगत क्रम बताइए :

(A) लहर, साकेत, बावरा अहेरी, यामा
(B) साकेत, लहर, यामा, बावरा अहेरी
(C) यामा, बावरा अहेरी, साकेत, लहर
(D) बावरा अहेरी, यामा, लहर, साकेत

38. निम्नलिखित वादों का संगत क्रम बताइए :

(A) छायावाद, प्रगतिवाद, हालावाद, नकेनवाद
(B) नकेनवाद, छायावाद, प्रगतिवाद, हालावाद
(C) हालावाद, नकेनवाद, छायावाद, प्रगतिवाद
(D) छायावाद, हालावाद, प्रगतिवाद, नकेनवाद

39. कामायनी के सर्गों का संगत अनुक्रम बताइए :

(A) चिंता, कर्म, संघर्ष, आनंद
(B) संघर्ष, कर्म, आनंद, चिंता
(C) चिंता, संघर्ष, कर्म, आनंद
(D) आनंद, चिंता, संघर्ष, कर्म

40. प्रेमचंद के उपन्यासों का संगत क्रम बताइये :

(A) गबन, सेवासदन, कर्मभूमि, रंगभूमि
(B) सेवासदन, गबन, रंगभूमि, कर्मभूमि
(C) कर्मभूमि, रंगभूमि, गबन, सेवासदन
(D) रंगभूमि, कर्मभूमि, सेवासदन, गबन

41. निम्नलिखित नाटकों को उचित क्रम में रखिए :

(A) सज्जाद संबुल, नीलदेवी, रक्षाबंधन, आधे अधूरे
(B) रक्षाबंधन, आधे अधूरे, नीलदेवी, सज्जाद संबुल
(C) आधे अधूरे, रक्षाबंधन, सज्जाद संबुल, नीलदेवी
(D) नीलदेवी, आधे अधूरे, रक्षाबंधन, सज्जाद संबुल

42. स्रोत की दृष्टि से शब्दों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) मति, मेह, भार, सुख
(B) रोज, कल, नयन, बल
(C) दूध, नीर, घर, नरक
(D) बटन, गुंडा, अलमारी, काजू

43. विधा की दृष्टि से कवियों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) विद्यापति, तुलसी, सूर, प्रसाद
(B) कबीर, सूर, मीरा, महादेवी वर्मा
(C) नंददास, तुलसी, अज्ञेय, गिरजाकुमार माथुर
(D) चंदबरदाई, सूर, जायसी, कबीर

44. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त रचनाकारों का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) नरेश मेहता, धर्मवीर भारती, निर्मल वर्मा, माखनलाल चतुर्वेदी

(B) निराला, महादेवी वर्मा, बच्चन, मुक्तिबोध

(C) दिनकर, महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, अज्ञेय

(D) सुमित्रानंदन पंत, अज्ञेय, दिनकर, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

45. रचनाकाल की दृष्टि से संगत क्रम बताइए :

(A) चित्राधार, झरना, आँसू , लहर

(B) झरना, चित्राधार, लहर, आँसू

(C) आँसू, झरना, चित्राधार, लहर

(D) चित्राधार, लहर, झरना, आँसू

46. बोलियों और बोली वर्गों को सुमेलित कीजिए :

(1) मेवाती — (a) पश्चिमी हिंदी

(2) बुंदेली — (b) पूर्वी हिंदी

(3) गढ़वाली — (c) राजस्थानी

(4) बघेली — (d) बिहारी

(e) पहाड़ी

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (c) | (d) | (e) |
| (B) | (b) | (a) | (c) | (d) |
| (C) | (c) | (a) | (e) | (b) |
| (D) | (a) | (e) | (b) | (c) |

47. रचनाओं और रचनाकारों को सुमेलित कीजिए :

(1) मुगलों ने सल्तनत बख्श दी — (a) चतुरसेन शास्त्री

(2) उसकी माँ — (b) रांगेय राघव

(3) दुखवा मैं कासे कहौं — (c) भगवतीचरण वर्मा

(4) गोखुरू — (d) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'

(e) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (d) | (a) | (e) |
| (B) | (b) | (c) | (e) | (d) |
| (C) | (d) | (b) | (c) | (a) |
| (D) | (a) | (c) | (d) | (b) |

48. रचनाओं और विधाओं को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (1) उस चिड़िया का नाम | (a) कविता |
| (2) प्रलय की छाया | (b) नाटक |
| (3) कबिरा खड़ा बजार में | (c) उपन्यास |
| (4) गूँगे | (d) कहानी |
| | (e) एकांकी |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (d) | (c) | (a) | (b) |
| (B) | (c) | (a) | (b) | (d) |
| (C) | (e) | (b) | (c) | (a) |
| (D) | (b) | (d) | (a) | (c) |

49. रचनाकारों और उनके काल को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (1) हेमचंद्र | (a) रीतिकाल |
| (2) बालमुकुंद गुप्त | (b) आदिकाल |
| (3) अंबिकादत्त व्यास | (c) भक्तिकाल |
| (4) बनारसीदास जैन | (d) भारतेन्दु युग |
| | (e) द्विवेदी युग |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (a) | (c) | (e) | (b) |
| (B) | (c) | (e) | (d) | (a) |
| (C) | (d) | (a) | (b) | (e) |
| (D) | (b) | (e) | (d) | (c) |

50. साहित्यकारों और उनकी उक्तियों को सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (1) ज्ञान राशि के संचित कोश का नाम साहित्य है | (a) नन्ददुलारे बाजपेयी |
| | (b) प्रेमचंद |
| (2) हिन्दी का शेली हिंदी में आता-आता रह गया | (c) महावीरप्रसाद द्विवेदी |
| | (d) रामचंद्र शुक्ल |
| (3) वैर क्रोध का अचार या मुरब्बा है । | (e) हजारीप्रसाद द्विवेदी |
| (4) जो ज्ञान मानवता को पीस डाले, वह ज्ञान नहीं कोल्हू है | |

| | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (b) | (c) | (a) | (e) |
| (B) | (d) | (b) | (e) | (a) |
| (C) | (c) | (a) | (d) | (b) |
| (D) | (a) | (d) | (b) | (c) |

**ROUGH WORK**

## ROUGH WORK

SEAL